Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Yadav Shri Mitrasen

an>

Title : Need to check alleged irregularities in the construction work of Barabanki-Faizabad-Ayodhya and Basti-Gorakhpur section of National Highway-28 in Uttar Pradesh.

श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) : सभापति महोदया, मैं आपकी अनुमति से सदन और भारत सरकार का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विाय की ओर आकर्ति करना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का राजमार्ग संख्या 28 कई महत्वपूर्ण जनपदों जैसे बाराबंकी, गोरखपुर, बस्ती आदि को जोड़ता है। विगत दिनों आई भारी बारिश के कारण वह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण वहां से जो सैंकड़ों वाहन रोजाना गुजरते हैं, दुर्घटनाग्रस्त होते हैं और इसकी वजह से कई लोग बेमौत मारे जा चुके हैं। इसके अलावा वहां भारी वाहन ट्रक्स, ट्रॉलर्स और बसों आदि के खराब हो जाने की स्थिति में वहां एक्सीडेंट होते हैं और रास्ता जाम हो जाता है। इस मार्ग को फोर लेन बनाने की योजना स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन उसके निर्माण में विलम्ब हो रहा है और जानबूझ कर कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। कंस्ट्रक्शन कंपनी हिंदुस्तान लिमिटेड को निर्माण का ठेका दिया गया है जो बहुत ही शिथिलता बरत रही है। हमारी मांग है कि इस बारे में जिलाधिकारी फैजाबाद से रिपोर्ट मंगा ली जाये। इसके निर्माण में गुणवत्ता में गिरावट आई है और मानक के बगैर इसका निर्माण किया जा रहा है। उसकी तकनीकी सेल से जांच करा ली जाये। साथ ही स्थानीय मजदूरों को न लेकर, धन के दुरुपयोग को छिपाने के लिए, बाहर से मजदूरों को काम पर लगाया गया है। इन सब बातों की जांच कराकर एक समय-सीमा के अंदर इस कार्य को पूरा कराया जाये।